आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 17 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 119
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

कोयले की कीमतों में आया उछाल



पेज-2

स्टार प्लस का नया शो 'तुम देना साथ मेरा'



पेज-5

घर-दुकान बनाने से पहले लेबर इंस्पेक्टर को बताएं



पेज-6


# जिस रास्ते से आएगा हवा, पानी और धूप, उस हिस्से पर भी लगेगा टैक्स!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर में अब मकान के खाली हिस्से पर भी टैक्स देना होगा। नगर निगम द्वारा मार्जिन ऑफ स्पेस (एमओएस) टैक्स लागू करने की तैयारी के बाद शहर में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। निगम के अनुसार जिन प्लॉटों में आरसीसी निर्माण नहीं हुआ और कुछ हिस्सा खाली है, उस हिस्से पर ओपन प्लॉट की दर से संपत्तिकर लिया जाएगा। इसके लिए एआरओ द्वारा शहर में सर्वे भी शुरू कर दिया गया है।

### ओपन प्लॉट दर से चुकानी होगी राशि

महापौर ने कहा कि मप्र सरकार ने 2020 में नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एमओएस टैक्स का प्रावधान किया था। नगर निगम उसी आदेश का पालन कर रहा है। शहर के विकास तथा नागरिक सुविधाओं के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से इसे लागू किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिघल ने बताया कि जिन प्लॉटों में निर्माण के अलावा कुछ हिस्सा खाली है, उस हिस्से को ओपन प्लॉट मानकर टैक्स की गणना की जाएगी।




### कितना बढ़ सकता है टैक्स

- ■ 1000 वर्गफीट के जी प्लस वन मकान पर अभी करीब 8 से 10 हजार रुपए संपत्तिकर
- ■ एमओएस टैक्स लगने पर 1500 से 3000 रुपए तक अतिरिक्त बोझ
- ■ खाली हिस्से की गणना ओपन प्लॉट की दर से

**विपक्ष का आरोप :** छुपे तरीके से बढ़ाया जा रहा टैक्स- नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर निगम हर साल किसी न किसी तरीके से टैक्स बढाता है। पहले रेड जोन बदलकर संपत्तिकर बढ़ाया गया और अब एमओएस टैक्स लगाया जा रहा है। यह जनता पर अतिरिक्त बोझ है और इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने कहा कि पहले सुपर बिल्टअप एरिया पर टैक्स लगाया गया, फिर रेड जोन बनाए गए और अब एमओएस टैक्स लागू किया जा रहा है। लगातार बढ़ते करों से शहरवासी परेशान हैं।

---

इंदौर मेट्रो में सफर का इंतजार खत्म!

# 26 मार्च से रेडिसन चौराहे तक चल सकती है मेट्रो!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) नीलाभ्र सेनगुप्ता ने सोमवार को अपने छह सदस्यों के दल के साथ मेट्रो के आठ स्टेशन का निरीक्षण किया। सोमवार सुबह 9 बजे से सुपर कारिडोर स्टेशन 2 से बापट चौराहे तक बने मेट्रो के आठ स्टेशन का निरीक्षण किया। वे प्रत्येक स्टेशन पर एक-एक घंटे रुके। मेट्रो स्टेशन का का निरीक्षण शाम सात बजे तक साढ़े सात घंटे तक चला। उन्होंने प्रवेश निकासी गेट, लिफ्ट, एस्कलेटर, पार्किंग एरिया, स्टेशन रुम, दिव्यांगों के लिए मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**बुधवार तक चलेगा निरीक्षण**- मंगलवार को सीएमआरएस मेघदूत, विजयनगर और रेडिसन चौराहे पर बने मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मेट्रो डिपो में कंट्रोल कमांड सेंटर, सिग्नल सेंटर, डिपो में स्टेब्लिंग यार्ड की रेल लाइन का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा वे एमआर-10 पर बने इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निरीक्षण भी करेंगे। बुधवार को मेट्रो का सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 2 से रेडिसन चौराहे तक वायडक्ट पर मेट्रो को 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलाकर स्पीड ब्रेक टेस्ट भी किया जाएगा।

**मार्च माह के अंत तक मिलेगी एनओसी**-सीएमआरएस मेट्रो का चार दिवसीय निरीक्षण के पश्चात अपने सुझावों के साथ निरीक्षण रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद मेट्रो प्रबंधन उनके बताए गए सुझावों को पूरा करके रिपोर्ट भेजेगा। इसके बाद सीएमआरएस द्वारा मेट्रो के 11.5 किलोमीटर हिस्से पर कमर्शियल रन शुरु करने की एनओसी जारी की जाएगी। यह संभावना जताई जा रही है कि 26 मार्च के आसपास मेट्रो का संचालन रेडिसन चौराहे तक होगा।



### सीएमआरएस ने इन बिंदुओं पर मेट्रो का हो रहा निरीक्षण

- ■ **टेट्रा रेडियो सिग्नल टेस्ट :** कम्युनिकेशन नेटवर्क व कंट्रोल रुम तक निर्बाध कनेक्शन।
- ■ **इमरजेंसी स्टाप प्लंगर टेस्ट :** इमरजेंसी स्टाप सिस्टम, ट्रेक पर तय स्पीड में चलाकर अचानक रोका जाता है।
- ■ **सीसीटीवी का ईएसपी जुड़ाव :** मेट्रो स्टेशन सीसीटीवी का इमरजेंसी सर्विस पैनल के साथ रियल टाइम में निगरानी।
- ■ **इमरजेंसी हेल्प पाइंट व इमरजेंसी ट्रिप स्विच टेस्ट :** लिफ्ट व इमरजेंसी ट्रिप स्विच।
- ■ **प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर टेस्ट :** यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्लेटफार्म पर लगे आटोमेटिक दरवाजों की जांच।
- ■ **सिग्नल टेस्ट :** ह्युमन मशीन इंटरफेस के माध्यम से ट्रेन की गति का नियंत्रण।

### न्यूज ब्रीफ

- संसद सुरक्षा उल्लंघन केस के दो आरोपियों की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में आज सुनवाई
- करूर भगदड़ मामले में पूर्व तमिलनाडु मंत्री सेंथिल बालाजी आज CBI के सामने पेश होंगे
- 'मैं युद्ध नहीं चाहता', डोनाल्ड ट्रंप बोले- ईरान को परमाणु हथियार मिला तो दुनिया उड़ जाएगी
- क्यूबा में बिजली संकट : नेशनल पावर ग्रिड ठप, 1 करोड़ लोग अंधेरे में
- लेबनान के देबाल में इजरायल ने किया हवाई हमला
- हरियाणा राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध और BJP के संजय भाटिया की जीत
- काबुल हॉस्पिटल हमला : अबतक 400 की मौत, तालिबान की PAK को धमकी- अब डिप्लोमेसी का टाइम खत्म
- कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री आज दिल्ली में राज्य के सांसदों से बैठक करेंगे

---

शताब्दी वर्ष में युवा पीढ़ी को जोड़ने पर फोकस

# संघ में बदलाव, मप्र के 3 प्रांत होंगे खत्म, बनेंगे नए संभाग



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में अपने संविधान में बड़े बदलाव का निर्णय किया है। शताब्दी वर्ष में संघ का नेटवर्क सशक्त बनाने और युवा पीढ़ी को संघ से जोड़ने के लिए व्यवस्था बदल रही है। मध्यप्रदेश में मालवा, महाकोशल और मध्यभारत प्रांत व्यवस्था के स्थान पर अब संभागीय प्रचारक बैठेंगे। राज्य का प्रचारक पूरे प्रदेश की कमान संभालेगा। जिला और ब्लॉक कार्यकर्ता सीधे संभाग से समन्वय रखेंगे। संघ के फैसलों में तेजी लाने के लिए संघ ने देश भर में यह पहल शुरू की है। संघ की प्रतिनिधि सभा की महत्वपूर्ण बैठक में यह बड़ा फैसला लिया गया है। इससे मध्यप्रदेश के 3 प्रांत सहित देश भर के 46 प्रांतों में प्रचारक व्यवस्था बदल जाएगी। अब पूरे प्रदेश की कमान एक प्रचारक और उसके साथ कार्यकारिणी संभालेगी। नई विकेंद्रीकृत व्यवस्था में संभागीय स्तर पर प्रचारकों की संख्या बढ़ जाएगी। देश भर भर में 80 नए संभागों का गठन किए जाने का आकलन किया गया है।

### गो और जल संरक्षण

संघ ने इस साल अपने आनुषांगिक संगठनों के अंतर्गत हुए सेवा प्रकल्प और कामकाज की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना भी बनाई है। इसमें खासतौर पर संत रविदास के 650 वें प्राकट्य दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। मप्र के सागर जिले में संत रविदास लोक का निर्माण अंतिम चरण में है। पंच परिवर्तन और समाज की सज्जन शक्ति को एकजुट करने का अभियान शुरू किया जाएगा। गो-संरक्षण के लिए देसी गोबर और गो-मूत्र की खाद के उपयोग को बढ़ावा देने। घर की छतों पर सब्जी उगाने, जल संरक्षण और पॉलिथीन के कम से कम उपयोग की अपील भी की गई है।

**बढ़ेगी संघ पदाधिकारियों की संख्या**- मप्र में अभी तक संघ का संगठनात्मक कामकाज मालवा, महाकोशल और मध्यभारत प्रांत की व्यवस्था से बंटा हुआ है। नई व्यवस्था में यह प्रस्ताव भी है कि दो प्रशासनिक मंडलों को मिलाकर एक संभाग का गठन किया जाए। नई व्यवस्था से प्रदेश में करीब आधा दर्जन संभाग गठित हो सकते हैं।

---

जू में दिखेगी चाइना टेक्नोलॉजी

# 17 हजार स्क्वेयर फीट के 14-डी थिएटर में दर्शकों को रोमांच

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में चाइना की टेक्नोलॉजी दर्शकों को देखने को मिलेगी। क्योंकि यहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। अप्रैल में ये थिएटर शुरू हो सकता है। यहां पर दर्शकों को आभासी दुनिया में असली रोमांच महसूस होगा।

प्रबंधन का दावा है कि ये देश का पहला जू है जहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। खासबात यह है कि ये 14-डी थिएटर उस जगह बनाया है, जो इस्तेमाल में नहीं थी। ये जगह मास्टर प्लान से आउट की जगह है। पिछले साल मार्च महीने में यहां पर पीपीपी मोड पर काम शुरू हुआ था जो लगभग 80 से 85% पूरा हो गया है। जो काम बचा है वह भी जल्द पूरा होगा और अप्रैल में दर्शकों के लिए ये खोला जा सकता है। चिड़ियाघर के प्रभारी डॉ.उत्तम यादव से इसे लेकर खास चर्चा कि उन्होंने बताया कि इस थिएटर में जो भी फिल्में दिखाई जाएगी, वह वाइड लाइफ और एनवायरनमेंट को प्रमोट करने वाली होगी। वे बताते है कि अभी तक कई लोगों ने 3-डी या 4-डी के बारे में सुना था, लेकिन ये 14-डी थिएटर होगा। यानी इसमें 14 एलिमेंट्स इनवॉल्व होंगे। जब थिएटर में स्क्रीन पर कोई फिल्म दिखाई जाएगी तो दर्शक वीआर ग्लास पहनकर उसे अपने सामने महसूस कर सकेंगे, दर्शक वर्चुअल दुनिया को अपने आसपास महसूस भी कर सकेंगे। जो सीन स्क्रीन पर दिखेगा दर्शक उसने अपने आप को पाएगा। अगर बादल गर्जेगा तो वह वैसा ही पूरा महसूस होगा, बारिश होगी तो उसकी बौछार भी दर्शकों पर आएगी।




# एमवाय का नया ओटी कॉम्प्लेक्स शुरू होने से पहले ही चर्चा में

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● एमवाय अस्पताल में करीब पांच वर्षों से बन रहा नया ओटी कॉम्प्लेक्स अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। लगभग 7.21 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस कॉम्प्लेक्स की दीवारों में सीलन की समस्या सामने आने से मामला अटक गया है। पीआईयू (पीडब्ल्यूडी) विभाग का दावा है कि अब लीकेज पूरी तरह खत्म हो चुका है, लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि दीवारों पर अभी भी नमी बनी हुई है। दोनों विभागों के अलग-अलग दावों के कारण ओटी कॉम्प्लेक्स का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा और मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

हाल ही में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की टीम ने निरीक्षण कर रिपोर्ट दी कि लीकेज की समस्या दूर हो गई है। दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों की एक कमेटी बनाई, जिसकी रिपोर्ट में बताया गया कि दीवारों में अभी भी सीलन मौजूद है। इसी कारण प्रबंधन ने अब तक इस कॉम्प्लेक्स को अपने अधीन में नहीं लिया है। निर्माण के बाद जब दीवारों पर नमी दिखाई दी तो ऊपरी मंजिल के शौचालयों को इसका कारण बताया गया। इसके बाद लाखों रुपए खर्च कर शौचालयों का सुधार कार्य किया गया, लेकिन समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि ओटी की दीवारों में सीलन रहने से संक्रमण का खतरा रहता है, इसलिए समस्या हल होने तक यहां ऑपरेशन शुरू करना जोखिम भरा हो सकता है।

गौरतलब है कि वर्ष 2021 में इस ओटी कॉम्प्लेक्स को आठ महीने में पूरा करने का दावा किया गया था, लेकिन काम की धीमी गति से इसकी लागत तीन करोड़ से बढ़कर सात करोड़ रुपए तक पहुंच गई। अब तक करीब छह करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है। इस नए कॉम्प्लेक्स में नौ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाए गए हैं, जिनमें आठ मेजर और एक माइनर ओटी शामिल है। इसके शुरू होने से अस्पताल में इलेक्ट्रिव सर्जरी की सुविधा बढ़ेगी।

प्रदेश में कल से नया सिस्टम...

# इंदौर, भोपाल-ग्वालियर में आंधी-बारिश का अलर्ट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश में 18 मार्च से स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इससे अगले 3 दिन तक प्रदेश के आधे जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी असर दिखेगा। इससे पहले सोमवार को पूरे प्रदेश में गर्मी का असर रहा। मंगलवार को भी तेज गर्मी रहेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 17 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत को वेस्टर्न डिस्टरबेंस प्रभावित करेगा। जिसका असर एमपी में भी देखने को मिलेगा। इसलिए 18, 19 और 20 मार्च को बारिश होने का अनुमान है।

**मार्च में पहली बार ऐसा सिस्टम**- मौसम विभाग की माने तो इस सीजन मार्च में पहली बार स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। जिसका असर लगातार 3 से 4 दिन तक बने रहने के संकेत हैं। ये सिस्टम प्रदेश के सभी हिस्सों से गुजरेगा। इस कारण कहीं बारिश, आंधी, गरज-चमक तो कहीं बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ की एक्टिविटी है, लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं है। इस वजह से सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में गर्मी का असर बना रहा। प्रदेश में खरगोन सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सिवनी, मंडला, टीकमगढ़, सागर और खजुराहो में पारा 37 डिग्री या इससे अधिक रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में जबलपुर में पारा सबसे ज्यादा 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



न्यूज ब्रीफ

## आकाशवाणी इंदौर और भारत न्यास का 'लोकरंग उत्सव' आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर- मालवा, निमाड, बुंदेलखंड और गौडी लोक संस्कृति की सतरंगी छटा अब एक ही मंच 'विक्रमोत्सव-2026' के उल्लास के अंतर्गत, आकाशवाणी इंदौर और भारत न्यास' के तत्वावधान में 17 मार्च को शाम 7:30 बजे से 'लोकरंग उत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सांगीतिक कार्यक्रम आकाशवाणी परिसर स्थित मालवा हाउस, इंदौर में संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें पूर्णिमा चतुर्वेदी एवं उनकी मंडली द्वारा निमाडी लोकगीत व नृत्य, इटारसी के लोकप्रिय कलाकार बलिराम धुर्वे एवं साथियों द्वारा गोंडी लोकगीत व नृत्य, उज्जैन के हरिहरेश्वर पोद्दार एवं साथियों द्वारा मालवी लोकगीत व नृत्य, तथा छतरपुर के रामप्रसाद अहिरवार एवं उनके साथियों द्वारा बुंदेलखंड के लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती पर 14 को महू में होगा विशाल समागम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में मनाई जाएगी। इस दिन डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली स्मारक पर बाबा साहब अम्बेडकर जी को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं कि मेहमानों की तरह राज्य शासन द्वारा आवभगत की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी।

## नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व जैन संगठन इंदौर द्वारा अभिनव कला केंद्र गांधी हाल पर आयोजित सभा में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें सभी गणमान्य सदस्यो ने अपने विचार रखे जिसमें मयंक जैन अध्यक्ष द्वारा विगत वर्षों में हुई गतिविधियों की जानकारी दी व नवाचार तरीके से हम धर्म की रक्षा, समाज की गतिविधियों, राष्ट्र निर्माण जैसे कई विषयों पर कार्य को गति देने के लिए नवनियुक्त पदों से संकल्पित किया गया जिसमें सतीश रजावत जी को उपाध्यक्ष, ओम पाटोदी को कोषाध्यक्ष, राजेश जैन दद्दू को मिडिया प्रभारी पारस जैन (अधिवक्ता) को सचिव, आकाश जैन को संगठन मंत्री, राहुल जैन को सह संगठनमंत्री, विशाल जैन को युवा प्रकोष्ठ प्रभारी, घनश्याम जैन जी को व्यवस्था मंत्री, अशोक सामरिया जी को मुख्य संयोजक, वीरेंद्र सोगानी को कार्यक्रम संयोजक, मनीष जैन संयोजक संजय जैन संयोजक, सुनील जैन क्षेत्रीय संयोजक , अमित जैन को यात्रा संयोजक व अन्य सदस्यो को विभिन्न पदों से सुशोभित किया व जिम्मेदारी दी गई।

दद्दू ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन पारस जैन ने किया व नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कर आभार व्यक्त किया।

# उम्मीद है अब एक ही इलाके में ज्यादा ई-रिक्शा की भीड़ नहीं होगी

- ई-रिक्शा चार सेक्टर में चलेंगे, कलर तय किए हर सेक्टर के
- मनमानी करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी होगी





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● ट्रैफिक सुधार को लेकर सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक आफिस पलासिया में ई. रिक्शा संचालन व्यवस्था संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी की उपस्थित में बैठक में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, बैटरी ई. रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर तथा ई. रिक्शा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीसीपी त्रिपाठी ने बताया कि शहर में ई. रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियंत्रित करने के उद्देश्य से कई व्यवस्थाएं लागू की जाएगी।

शहर का जोनवार विभाजन- ई. रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने हेतु शहर को संबंधित यातायात के 4 जोन के आधार पर 4 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक जोन के ई. रिक्शाओं की छत (हुड) का रंग अलग.अलग निर्धारित किया जाएगा जिससे उनकी पहचान आसानी से हो सके। जोन 1. नीला, जोन 2. पीला, जोन 3 लाल और जोन 4. सफेद रंग तय किए गए हैं। ई. रिक्शाओं को जोन-सेक्टर का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक ई. रिक्शा हैं तो उसके सभी ई-रिक्शाओं को अलग अलग जोन में आवंटित किया जाएगा जिससे किसी एक क्षेत्र में अत्यधिक दबाव न बने। ई. रिक्शा पंजीयन के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके अनुसार सभी आवेदकों को आवश्यक जानकारी भरकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। ई. रिक्शा का पंजीयन केवल तभी किया जाएगा जब वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण एवं वैध होंगे। आगामी 10 दिवस के भीतर शहर में संचालित सभी ई. रिक्शाओं का पंजीयन पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

**बिना पंजीयन ई-रिक्शा पर होगी कार्रवाई**-ई. रिक्शा पंजीयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु जोन के अनुसार पंजीयन स्थान निर्धारित किए गए हैं. जोन 1 एवं जोन 4 के ई. रिक्शाओं का पंजीयन ट्रैफिक थाना पश्चिम महूनाका में किया जाएगा। जोन 2 एवं जोन 3 के ई. रिक्शाओं का पंजीयन ट्रैफिक थाना पूर्व, एमटीएच कंपाउंड में किया जाएगा। पंजीयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से प्रत्येक स्थान पर एक. एक अधिकारी-कर्मचारी को नामित किया जाएगा जो इस प्रक्रिया में समन्वय एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। निर्धारित पंजीयन अवधि समाप्त होने के पश्चात जिन ई. रिक्शाओं का पंजीयन नहीं होगा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी ई. रिक्शाओं को पीछे की ओर से खुला रखा जाएगा, ताकि वाहन के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें। उपरोक्त व्यवस्थाओं का उद्देश्य शहर में ई. रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाना है 1 Bo4 जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने यातायात पुलिस के साथ समन्वय बनाकर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा ई. रिक्शा संचालन को नियमबद्ध करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यातायात पुलिस द्वारा सभी ई. रिक्शा चालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें तथा शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### 15 दिन में नो पार्किंग के 1578 चालान

ट्रैफिक सुधार के लिए सक्रिय की गई पेट्रोलिंग टीमों ने 1 से 15 मार्च तक 1578 नो पार्किंग वाहनों पर कार्यवाही की। यातायात की सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा अपने, अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर वैधानिक कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख स्थानों पर 12 पेट्रोलिंग टीमें सक्रिय कर दी गई है। चार टीमों को साथ ही 8 टीमें बाइक पर रहती है और वे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान बनाती है।

**नई व्यवस्था : कक्षा 9वीं और 11वीं में कुल 4877 छात्र अध्ययनरत, सभी स्कूलों में डेटा फीडिंग जारी**

# 9वीं-11वीं की अंकसूची अब स्कूल से नहीं, ईएमएस पोर्टल पर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सरकारी स्कूलों में इस बार कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों की अंकसूची स्कूल स्तर पर नहीं बनेगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने ऑनलाइन अंकसूची जारी करने का फैसला लिया है। छात्रों के प्रवेश पत्र, परीक्षा परिणाम की घोषणा, अंकसूचियां ईएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन मिलेंगी। संचालनालय ने इसके लिए एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम यानी ईएमएस पोर्टल विकसित किया है। पोर्टल पर त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षाओं के अंकों की प्रविष्टि की जा रही है।

इंदौर शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी विद्यालयों में फीडिंग की जा रही है। कुछ शिक्षकों ने बताया। यह प्रक्रिया सही है। त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक एक साथ प्रविष्ट किए जाने से सर्वर स्लो चल रहा है। छात्रों के अनुक्रमांक का मिलान करने में भी दिक्कत आ रही है। निर्देशानुसार पहले त्रैमासिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि की जाएगी। इसमें कक्षा शिक्षक अंक प्रविष्ट कर लॉक करेंगे। इसके बाद परीक्षा प्रभारी जांच के बाद इन अंकों को लॉक करेगा। इसके बाद प्राचार्य लॉक करेंगे। प्राचार्य के लॉक करने से पहले यदि अंकों में त्रुटि है तो रोल-बैंक का विकल्प भी दिया गया है। प्राचार्य के लॉक करने के बाद अंकों में सुधार नहीं किया जा सकता।




### 9वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम 23 को घोषित होगा

त्रैमासिक परीक्षा में सभी छात्रों के सभी विषयों के अंकों की प्रविष्टि के बाद ही अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि होगी। अर्धवार्षिक परीक्षा में सभी छात्रों के सभी विषयों के अंक प्रविष्ट होने के बाद वार्षिक परीक्षा के अंक प्रविष्ट होंगे। वार्षिक परीक्षा के अंक माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक-योजना के आधार पर प्रविष्ट किए जाएंगे। सैद्धांतिक परीक्षा के अंक अलग होंगे। प्रायोगिक परीक्षा के अंक अलग होंगे। इस बार 9वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम 23 मार्च को घोषित होगा। छात्र अपने रोल नंबर के आधार पर ईएमएस पोर्टल से अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

# बिजली की मांग और एलपीजी की कमी से बाजार में कोयले की कीमतों में आया उछाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, बिजली उत्पादन में वृद्धि और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की स्थानीय कमी के कारण इंदौर क्षेत्र में कोयले की कीमतों में भारी उछाल आया है। व्यापारियों ने बताया कि भारतीय कोयले की दरें महज दो सप्ताह में 20-22% तक बढ़ गईं। 'इंदौर क्षेत्र में आमतौर पर प्रति माह लगभग 15,000 टन आयातित कोयला और 35,000 टन भारतीय (थर्मल/स्टीम) कोयला खपत होता है। भू-राजनीतिक तनावों ने आयातित कोयले की आपूर्ति को बाधित कर दिया है। बड़े बिजली संयंत्र जो पहले आयात पर निर्भर थे, अब विकल्प के रूप में भारतीय कोयले की मांग बढ़ा रहे हैं,' प्रांतीय कोयला व्यापारी एवं उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष गौरव गर्ग ने कहा। उन्होंने कहा, 'इस अचानक बदलाव से भारतीय कोयले की कीमत 7,000-7,500 रुपये प्रति टन से बढ़कर 8,500-9,000 रुपये प्रति टन (परिवहन लागत सहित) हो गई है। एलपीजी संकट का असर बिजली क्षेत्र पर भी महसूस किया जा रहा है। अशोक कोल कॉर्पोरेशन के मालिक सिद्धार्थ मेहता ने बताया कि गैस की कमी के कारण निवासियों द्वारा इंडक्शन स्टोव का उपयोग शुरू करने से बिजली की खपत में भारी वृद्धि हुई है। मेहता ने टीओआई को बताया, 'गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग और इलेक्ट्रिक कुकिंग की ओर बढ़ते रुझान के कारण बिजली संयंत्रों को अधिक कोयला जलाना पड़ रहा है, जिससे बाजार और भी तंग हो रहा है।'

## श्रीजी की पालकी शोभायात्रा अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्यसागर जी के सानिध्य में रवाना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक से शुरू हुई 20 दिवसीय पदयात्रा नगर में जारी है। अंतर्मुखी मुनि श्री पूज्यसागर जी महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में समाज जन इसमें भाग ले रहे हैं। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि यात्रा के दौरान सोमवार सुबह श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर



जावरवाला में अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्यसागर जी के सानिध्य में दिगंबर जैन सामाजिक संसद कीर्ति स्तंभ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा, का बहुमान किया गया। सोमवार को श्री महावीर दिगंबर जैन उदासीन आश्रम से पद यात्रा आरंभ हुई। पलासिया चौराहा, एबी रोड होते हुए पदयात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जावरवाला पहुंची। यहां श्री जी के अभिषेक के बाद उन्हें रजत पालकी में विराजित किया गया। श्री जी की पालकी की शोभायात्रा अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्यसागर जी के सानिध्य में रवाना हुई।

**नागरिकों से जल आपूर्ति को लेकर की चर्चा**

# नागरिकों ने कहा पर्याप्त एवं स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जलापूर्ति से संतोष व्यक्त किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रात: 7:00 बजे भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा क्षेत्र के रहवासियों से जल आपूर्ति की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



आयुक्त सिंघल द्वारा सर्वप्रथम भागीरथपुरा स्थित पानी टंकी परिसर पहुंचकर क्षेत्र में गठित बीट टीमों के साथ मीटिंग कर वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बीटवार जल प्रदाय की स्थिति की जानकारी ली तथा यह भी पूछा कि किन-किन क्षेत्रों में जल वितरण किया जा रहा है और वहां नागरिकों को सुचारू एवं स्वच्छ जल मिल रहा है। बीट स्तर पर आ रही समस्याओं के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आयुक्त ने उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। इसके पश्चात आयुक्त श्री सिंघल द्वारा संपूर्ण भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने नागरिकों से पूछा कि पानी नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, कितनी मात्रा में प्राप्त हो रहा है तथा किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है।



## मालवा प्रांत बैठक सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 15 मार्च 2026 को मालवा प्रांत की वार्षिक नियोजन बैठक क्रीड़ा भारती खेल परिसर इंदौर महानगर पर अखिल भारतीय सहमंत्री श्रीमती भारती ताई गणपुले जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। साथ ही मालवा प्रांत मातृशक्ति की बैठक भी सम्पन्न हुई जिसमें आगामी मातृशक्ति प्रांतीय खेल मेला पर चर्चा हुई। बैठक में इंदौर महानगर व विभिन्न जिलों से मातृशक्ति उपस्थित थी।

## प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर उनका अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि भेंट के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसान हित में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं राज्य की प्रगति से भी अवगत कराया।



## ओंकारेश्वर में अग्रवाल वैश्य जनों के लिए आयोजित परिचय सम्मेलन संम्पन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर/ बड़वाह** ● अग्रसैन सोशल ग्रुप इंदौर एवं बड़वाह के सयुक्त तत्वाधान में ओंकारेश्वर में अग्रवाल वैश्य जनों के लिए आयोजित परिचय सम्मेलन संम्पन हुआ। अग्रसैन सोशल ग्रुप इंदौर के सहयोग एवँ मार्गदर्शन में निमाड़ क्षेत्र के अग्रवाल वैश्य जनों के लिए ओंकारेश्वर में पहली बार जायसवाल अतिथि गृह में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। अग्रसैन सोशल ग्रुप बड़वाह ने इस आयोजन की सभी व्यस्थाओं को बहुत सुन्दर मूर्त रूप दिया। ग्रुप समन्यवक राजेश गर्ग संचालक शिव जिन्दल ने बताया की सम्मेलन को 650 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई। दिन भर में 115 से अधिक युवाओं ने मंच से अपना परिचय दिया एवँ देर शाम तक 20 सम्बंध तय होने की स्थिति में थे। सम्मेलन स्थल पर सभी के लिए नि:शुल्क नाश्ते एवँ भोजन की व्यस्था की गयी।

# वूमंस प्रेस क्लब देगा महिला शक्ति अवार्ड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वुमंस प्रेस क्लब मध्यप्रदेश द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिष्ठित 'शक्ति अवार्ड 2026' का भव्य समारोह 18 मार्च, बुधवार को शाम 5 बजे जाल सभागृह, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। क्लब की अध्यक्ष शीतल रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'शक्ति अवार्ड' इस वर्ष अपने दस वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर रहा है। पिछले एक दशक से यह मंच समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान और सम्मान प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के समारोह में विधि, पत्रकारिता, शिक्षा, समाजसेवा, कला, व्यवसाय, प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'शक्ति अवार्ड 2026' से सम्मानित किया जाएगा।

**सम्मानित होने वाली हस्तियां**-इस अवसर पर डॉ. नूपुर धमीजा रंजन (अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली), सुश्री वर्तिका तोलानी (वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली), राजयोगनी ब्रम्हकुमारी हेमलता दीदी क्षेत्रीय निदेशिका इंदौर श्रीरत्न प्रभा पोरवाल (समाजसेविका, इंदौर), श्रीमती अर्पणा चेंडके (कोरियोग्राफर एवं एंकर, इंदौर), डॉ. स्वाति सिंह (सह-प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, सेंट पॉल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, इंदौर), सुश्री श्रेष्ठा गोयल (विजनेस वुमन एवं समाजसेविका, इंदौर), डॉ. प्रगति जैन (वरिष्ठ पत्रकार, इंदौर), रुचि चोविशया जैन (समाजसेविका, इंदौर), सुश्री शीला रजक (संस्थापिका - रेप्युटेशन क्राफ्टर्स, रीजनल पब्लिक रिलेशन्स एजेंसी), सुश्री वर्षा कलोसिया (संस्थापक एवं निदेशक - नेक्स्ट पीआर एजेंसी), डॉ. माधुरी पुराणिक (समाजसेविका, इंदौर), आचार्य वेदिका श्रीवास्तव (ज्योतिषाचार्य एवं समाजसेविका, इंदौर) आदि रहेंगे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 17 मार्च 2026

# सरकारी नौकरी के लिए ठाकुर-कुम्हार बन गए आदिवासी, टीचर पर आधार कार्ड चुराने का आरोप

**भोपाल (एजेंसी)** • प्रदेश के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की जाति का मामला इस समय सुर्खियों में है। टेटवाल पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व सीट से चुनाव लड़ा। उनके खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई है, जिसपर सुनवाई चल रही है। इसी बीच विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने भी फर्जी जाति प्रमाण पत्र से सरकारी नौकरियां हासिल करने का मुद्दा उठाया है। इससे पहले सरकार की ही तरफ से विधानसभा में बताया गया है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए सरकारी नौकरी करने वाले करीब 232 मामलों की जांच जारी है।

राज्यस्तरीय छानबीन समिति के पास फर्जी जाति प्रमाण पत्र के 7 हजार से ज्यादा मामले 15 साल से लंबित हैं। वहीं, कोर्ट में ऐसे 17 हजार से ज्यादा मामले हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है। कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने आलीराजपुर के तत्कालीन कलेक्टर अभय बेडेकर को एक शिकायत दी थी जिसमें कहा गया था कि उमरी गांव के प्रायमरी स्कूल में पढ़ाने वाली टीचर शर्मिला सोलंकी ने अपनी पहचान ही बदल ली। शिकायत के मुताबिक शर्मिला सोलंकी ने खुद के आदिवासी होने का जो जाति प्रमाण पत्र बनवाया है। इस आधार पर वह 2022-23 से कनिष्ठ प्राथमिक विद्यालय, छोटी बनखड़ में वर्ग-3 की प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं।

### 11 साल पुराना है फर्जीवाड़े का खेल

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह फर्जीवाड़ा नया नहीं है। शिक्षिका बनने से पहले भी शर्मिला ने इसी प्रमाण-पत्र का उपयोग कर करीब 11 वर्षों तक उमरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में काम किया। यानी एक दशक से भी अधिक समय तक वह स्त्र कोटे के तहत मिलने वाले लाभ और वेतन प्राप्त करती रहीं।

### जिसके नाम पर प्रमाण-पत्र, उसी ने की पुलिस में शिकायत

इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस व्यक्ति सुरतान सोलंकी को शर्मिला का पिता बताकर प्रमाण-पत्र बनवाया गया, उसने खुद इस फर्जीवाड़े के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बखतगढ़ थाना प्रभारी को दिए आवेदन में ग्राम उमरी निवासी सुरतान पिता मगन सोलंकी ने आरोप लगाया है कि उनके दस्तावेजों का उनकी जानकारी के बिना दुरुपयोग किया गया है। सुरतान ने अपनी शिकायत में स्पष्ट कहा है कि उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र परिवार आईडी और जमीन के खाता-खसरा जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का इस्तेमाल शर्मिला और उसके असली पिता प्रताप सिंह पंवार ने उन्हें धोखे में रखकर किया। उन्होंने बताया कि शर्मिला के नाम से बने जाति प्रमाण-पत्र के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।

सुरतान का आरोप है कि उनके दस्तावेजों का उपयोग कर उन्हें ही शर्मिला का पिता दर्शाते हुए यह फर्जी प्रमाण-पत्र तैयार करवाया गया। उन्होंने पुलिस से इस धोखाधड़ी की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में उनके दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल न हो सके।

शिकायत में दूसरा मामला ग्राम पंचायत बोरझाड़ का है, जहां एक और महिला पर फर्जी स्त्र प्रमाण-पत्र के सहारे सरकारी नौकरी पाने की कोशिश का आरोप है। आवेदन के अनुसार, लक्ष्मी नामक महिला ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के लिए अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र लगाकर आवेदन किया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि लक्ष्मी के पिता वालचंद, कुम्हार समुदाय से हैं, जो अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है। उनकी जाति 'गोयल' बताई गई है। वहीं, लक्ष्मी की मां रमिला आदिवासी समुदाय से हैं। शिकायत में कहा गया है कि रमिला ने अपने समाज के विरुद्ध जाकर कुम्हार समुदाय में विवाह किया था।

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल में फाग उत्सव और राजपूताना फैशन शो के साथ संस्कृति और समुदाय का जश्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने हाल ही में दो रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर शहर के लोगों को एक साथ आने और परंपरा, फैशन तथा उत्सव की खुशियों को मनाने का अवसर दिया। पारंपरिक फूलों की होली से प्रेरित होकर मॉल ने 6 मार्च को शाम 5 बजे 'फाग उत्सव' यानी फूलों से होली का खास आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और मिलकर रंगों के इस त्योहार का आनंद लिया। संगीत, हंसी-खुशी और फूलों की हल्की बारिश के बीच मॉल में मौजूद परिवारों और मेहमानों ने एक खुशनुमा और सांस्कृतिक माहौल का अनुभव किया।

इसी उत्सव की कड़ी में 14 मार्च को नेक्सस इंदौर सेंट्रल में 'राजपूताना फैशन शो' का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समुदाय के लोगों और फैशन प्रेमियों ने मिलकर राजस्थानी शाही अंदाज़ और पारंपरिक परिधानों की खूबसूरती को मंच पर देखा। इस शो में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने रैंप वॉक किया, जिन्हें समर्थन देने के लिए 300 से ज्यादा लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह फैशन शो सभी के लिए खुला था और इसमें महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से फैशन के जरिए आत्मविश्वास, रचनात्मकता और परंपरा का जश्न मनाया गया। इन आयोजनों के जरिए नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने एक बार फिर यह दिखाया कि वह लोगों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक और सामुदायिक अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे कार्यक्रम लोगों को साथ आने, संस्कृति का जश्न मनाने और यादगार पल साझा करने का अवसर देते हैं।

## शहनाई एवं वैदिक मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच 22 दूल्हों ने मारे तोरण-आठवां फेरा लिया स्वच्छता के लिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शुभकारज गार्डन पर सोमवार को दिन भर 22 युगलों के सामूहिक विवाह का जश्न चलता रहा। मालवांचल के विभिन्न जिलों एवं कस्बों से आए इन युगलों ने सांझ ढलते ही जब क्रमवार खड़े होकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और इसके पहले जब दूल्हों ने तोरण मारे तो समूचा विवाह स्थल शहनाई, वैदिक मंत्रों और बैंड-बाजों की सुर एवं स्वर लहरियों से गूंज उठा। इसके पूर्व सभी युगलों की सामूहिक शोभा यात्रा भी यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखकर निकाली गई। नवयुगलों ने 8वां फेरा शहर को नौवीं बार स्वच्छता में अग्रणी बनाने में सहयोग करने के लिए लिया। अग्रवाल समाज की मेजबानी में विभिन्न समाजों के 22 युगलों के सामूहिक विवाह का यह संकल्प साकार होते देखने के लिए बड़ी संख्या में अग्रवाल एवं वैश्य समाज के बंधु उपस्थित थे। नवयुगलों ने आचार्य पं. संतोष शास्त्री के निर्देशन में सात की जगह आठ फेरे लेकर अपने इंदौर शहर को नौवीं बार भी स्वच्छता में अव्वल बनाने और अपने-अपने गांवों-कस्बों को भी साफ-सुथरा रखने की शपथ ली। 22 युगलों के सामूहिक विवाह की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थी। सुबह गणेश पूजा, चाक-भात, सगाई, साकड़ी राखी एवं अन्य परंपराओं का निर्वाह करने के बाद संध्या को 22 घोड़ियों पर दूल्हे एवं 8 बग्घियों में दुल्हनों की शोभा यात्रा निकाली गई।

## न्यूज ब्रीफ

### माँ हिंगलाज प्राकट्य उत्सव पर भावसार समाज निकालेगा भव्य शोभायात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • माँ हिंगलाज प्राकट्य उत्सव पर भावसार समाज मंगलवार को भव्य शोभायात्रा आदर्श इंदिरा नगर स्थित मां हिंगलाज मंदिर से निकलेगा, महाआरती होगी। भावसार क्षत्रिय महासभा के प्रांतिय अध्यक्ष विपिन भावसार ने बताया कि कृष्णपक्ष त्रयोदशी को भावसार बंधु माँ हिंगलाज का प्राकट्य उत्सव 17 मार्च को मनाएगें। भावसार क्षत्रिय समाज इंदौर द्वारा प्राकट्य उत्सव पर प्रात: अभिषेक, यज्ञ, छप्पन भोग, माँ का श्रृंगार दर्शन, प्रसादी अर्पण, होगा। शाम 5 बजे महाआरती होगी उसके बाद भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रारंभ होगी। मां हिंगलाज रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगी। शोभायात्रा आदर्श इंदिरा नगर से प्रारंभ होकर धार रोड स्थित कीमती गार्डनपहुचेगी।

### श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा 23 मार्च से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • हुजूरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव 23 मार्च से आयोजित किया जा रहा है जिसका प्रथम निमंत्रण पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास महाराज,आचार्य शैलेन्द्र तिवारी सहित साधु संतो की उपस्थिति में खजराना गणेश को अर्पित किया। सोमवार को खजराना गणेश मंदिर में महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, आचार्य शैलेन्द्र तिवारी,सुमित अवस्थी, सोनू नामदेव सहित अन्य ने भगवान खजराना गणेश का आचार्य पंडितों की उपस्थिति में वेद मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन करके श्री राम कथा महोत्सव का प्रथम निमंत्रण उनके चरणों में अर्पित कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को निर्विघ्न संपन्न कराने की कामना की।

## कांग्रेस कार्यालय पर बैठक लेकर दो पूर्व पार्षद सहित 15 मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों की घोषणा की

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक में वहां मौजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में से इंदौर शहर एवं जिले में मोर्चा एवं प्रकोष्ठों में मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा 15 मोर्चा एवं प्रकोष्ठ शहर जिला में अध्यक्षों की घोषणा की एवं सभी को नियुक्ति पत्र देकर स्वागत किया बैठक में सभी को निर्देश दिए गए कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए एवं जमीनी मैदानी स्तर पर नए पुराने सभी वर्ग के लोगों को जोड़ने हेतु अभियान चलाएं और कांग्रेस पार्टी की रीती नीतियों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के पद चिन्हो पर चलकर उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ने का काम सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करें एवं साथ ही सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपनी कार्यकरणी का गठन करें।

## नव चेतना महिला संगठन द्वारा भव्य गणगौर मेला आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नव चेतना महिला संगठन की मेजबानी में मंगलवार 17 मार्च को अपराह्न 4 बजे से भव्य गणगौर मेले का आयोजन स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर अनेक शालीन और रंगारंग स्पर्धाओं के साथ होगा। संगठन की संस्थापक श्रीमती कांता ओम अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती शशि एरन एवं सचिव कविता गोयल ने बताया कि मेले में सभी वैश्य बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द बागड़ी, राजेश कुंजीलाल गोयल एवं ओमप्रकाश एरन ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में शैलेष गर्ग, अरविंद वेल्यूअर, गौरव अग्रवाल, दिनेश प्रिंस पचौर, पूर्व पार्षद शोभा गर्ग एवं इंदिरा सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर म्यूजिकल तम्बोला, 5 बजे से इसर गणगौर सज्जा और शाम 7.30 बजे दूल्हा-दुल्हन बनने के साथ ही रात 8 बजे से मिसेस गणगौर स्पर्धा का भी आयोजन होगा। मेले में अनेक उपयोगी वस्तुओं के स्टाल्स भी लगाए जाएँगे और शाम 4 से 4.15 के बीच आने वाली महिलाओं को लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## साईं बाबा की पालकी एवं प्रभात फेरी का घर-घर हुआ पूजन, समूचा क्षेत्र गूंज उठा साईं बाबा के जयघोष से

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • बंगाली चौराहा स्थित प्रीति नगर, सूरज नगर, देवपुरी, कैलाशपुरी, काशी नगर एवं आसपास की कॉलोनियों में सोमवार को सुबह भक्ति, भावना और श्रद्धा से भरपूर माहौल देखने को मिला जब केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में साईं बाबा की पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी पहुंची। शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 13 दिनों से प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर बाबा की भक्ति का अलख जगा रहे हैं। सोमवार को साईं भक्त मोहन पालीवाल के प्रीति नगर स्थित निवास पर सैकड़ों साईं भक्तों ने बाबा की पालकी का अभिषेक पूजन कर इस भव्य यात्रा का शुभारंभ किया तो समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गूंज उठा। श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, मोहन पालीवाल एवं पार्षद प्रणव मंडल ने बताया कि बंगाली चौराहा क्षेत्र में शायद ही कोई घर ऐसा बचा होगा जहाँ रंगोली, दीपों और पताकाओं से श्रृंगार नहीं किया गया हो। पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया था। जैसे ही बाबा की पालकी प्रीति नगर पहुंची, स्कूली बच्चों सहित साईं भक्तों के हुजूम घरों से निकलकर सड़कों पर आते गए।

## सिंधी समाज की 'भव्य एकता संदेश यात्रा' बाइक रैली निकली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भगवान झूलेलाल के पावन जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष्य में रविवार शाम सिंधी समाज द्वारा 'भव्य एकता संदेश यात्रा' के रूप में भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में समाज के युवाओं और समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान झूलेलाल के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ दशहरा मैदान से हुआ, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सिंधी कॉलोनी पहुंची। इस दौरान युवाओं ने भगवान झूलेलाल के जयघोष लगाए और हाथों में झंडे लेकर समाज की एकजुटता का संदेश दिया। रैली में समाज की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिली, जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। इस आयोजन का संचालन चेटीचंड युवा समिति, सिंधी युवा मोर्चा एवं समग्र सिंधी समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल की बहनों ने मनाया रंगारंग गणगौर उत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर महोत्सव रंगारंग बाने, दोहे सुनाने की स्पर्धा और इसर गौरा के रूप में सज-धजकर आई मंडल की बहनों ने पूरे जोश एवं उल्लास के साथ स्कीम 71 रिंग रोड स्थित सुरुचि गार्डन पर मनाया। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज भण्डिया, मंत्री कृष्णा उपाध्याय एवं श्रीमती उमा बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा ढोल ढमाकों के बीच निकाले गए बाने के साथ हुआ। महिला मंडल की ओर से श्रीमती सुनीता ओझा, रत्ना पांडे, जया ओझा, चन्द्रकला ओझा, प्रतिभा ओझा, संगीता उपाध्याय एवं मीना तुगनावत ने सभी महिलाओं की अगवानी कर विभिन्न स्पर्धाओं का संचालन किया। सौभाग्यवती सुहागन महिलाओं ने पति का नाम लेकर मनोरंजक दोहे सुनाए, वहीं कुंवारी कन्याओं ने भी मनचाहे वर की कामना करते हुए व्रत का पालन किया। करीब 3 घंटे चले इस उत्सव में सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल ने अपनी परम्परा के अनुरूप शिव-पार्वती की आराधना कर परिवार, समाज एवं शहर में सुख, शांति और सद्भाव के लिए भी प्रार्थना की।

## नवांकुर योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर योजना अंतर्गत संचालित प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत इंदौर विकासखंड के सेक्टर हातोद के ग्राम कलारिया में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं जनपद सदस्य श्री मुकेश जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री प्रवेश शर्मा द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिक सामूहिकता एवं स्वावलंबन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### सत्ताधारी दलों की रणनीति और मतदाता सूची की उलझन, चुनावों के पहले बड़े दांव

ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके समांतर यह बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होना बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले। गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो चरण और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर कई बार राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर देते हैं। अब तक इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं हुआ है। ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। इसमें सत्ताधारी दल को ऐसी घोषणा करने और तुरंत अमल करने का बेहतर मौका मिलता है। असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान योजनाओं के जरिए भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला। हालांकि कई स्थानीय मुद्दों और विवादों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है।

# केरल में कांग्रेस के खिलाफ प्रचार करेंगे तेजस्वी !

बिहार में राज्यसभा चुनाव के बीच राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने एक ऐसा राजनीतिक बयान दिया है, जिससे विपक्षी राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने घोषणा की कि उनकी पार्टी केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के साथ मिलकर तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। तेजस्वी यादव के इस बयान को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि केरल में कांग्रेस वाम दलों के खिलाफ मुख्य विपक्षी भूमिका में रहती है। ऐसे में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना कांग्रेस के साथ राजनीतिक दूरी का संकेत माना जा रहा है।



बताया जाता है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के विधायकों के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की है गौरतलब है कि सोमवार (16 मार्च) को बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए मतदान होना है. ऐसे में राज्य की पांचवीं सीट को लेकर खींचतान देखी जा रही है. इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी किंगमेकर की भूमिका में दिखाई दे रही है. दोनों ही दलों का समर्थन एनडीए या महागठबंधन को मिला तो उसी की जीत होगी. ऐसे में ओवैसी और बीएसपी के विधायकों पर सबकी नजर बनी हुई है।

तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि केरल में उनकी पार्टी का पहले से आधार रहा है और वहां पहले भी राजद के विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण पार्टी ने एक बार फिर वहां चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि राजद केरल में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि यह गठबंधन फिर से सत्ता में लौटे। तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी पार्टी केरल में सीमित सीटों पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन गठबंधन के साथ मिलकर काम करेगी।

तेजस्वी यादव के इस फैसले का राजनीतिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केरल में मुख्य मुकाबला वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच होता है। इस स्थिति में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना सीधे तौर पर कांग्रेस के खिलाफ खड़ा होने जैसा माना जा रहा है। बिहार में जहां राज्यसभा चुनाव के दौरान राजद को कांग्रेस के समर्थन की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर केरल में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केरल की राजनीति लंबे समय से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच घूमती रही है। एक ओर वाम दलों के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा है। इन दोनों गठबंधनों के बीच राज्य की सत्ता के लिए लगातार मुकाबला होता रहा है। केरल में लंबे समय तक यह परंपरा रही कि हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन होता था और जनता एक बार वाम दलों को तो अगली बार कांग्रेस गठबंधन को सत्ता में लाती थी। इन सब के बीच सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बिहार और केरल की राजनीति में गठबंधनों का समीकरण बहुत अलग है। बिहार में ऋ्छष्ठ की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस और वाम दल छोटे सहयोगी की भूमिका में हैं। वहीं केरल में कांग्रेस और CPI (M) के नेतृत्व वाले वाम दल एक-दूसरे के कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं।

यही कारण है कि जहां बिहार में कांग्रेस और वाम दल एक साथ चुनाव लड़ते हैं, वहीं केरल में दोनों अलग-अलग मोर्चों पर आमने-सामने खड़े होते हैं। ऐसे में RJD का LDF के साथ जाना राजनीतिक रूप से एक दिलचस्प समीकरण बना रहा है। दरअसल, पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा ने वामपंथी दलों के लिए राजनीतिक रणभूमि तैयार कर दी है। केरल में अपने एकमात्र मजबूत गढ़ को बचाए रखने और पश्चिम बंगाल में खोई राजनीतिक पकड़ को वापस हासिल करने की चुनौती उनके सामने है, जिससे ये चुनाव उनके लिए न केवल सत्ता की रक्षा बल्कि राजनीतिक पुनरुत्थान की कसौटी भी साबित होंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एमए बेबी ने कहा कि वामपंथी दल संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हैं, खासकर केरल में जहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की तैयारी कर रहा है।केरल में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं और इस बार भी राजनीतिक मुकाबला तीन मुख्य मोर्चों के बीच रहने की संभावना है। सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ), जिसे सीपीआई (एम) नेतृत्व दे रही है, विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ), जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है, और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसकी अगुवाई भाजपा कर रही है। केरल में कुल 140 विधानसभा सीटें हैं। 2021 के चुनाव में एलडीएफ ने 99 सीटें जीतीं, कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ को 41 सीटें मिलीं और भाजपा कोई सीट नहीं जीत पाई। 2016 में पार्टी ने पहली बार एक सीट जीती थी।

सत्तारूढ़ एलडीएफ की अगुवाई मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन कर रहे हैं। एलडीएफ के लिए यह चुनाव तीसरी लगातार बार सत्ता बनाए रखने की परीक्षा है, जो केरल के चुनावी इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। एलडीएफ ने 2021 में सत्ता में वापसी की थी और राज्य में लंबे समय से बदलती सरकार की परंपरा को तोड़ा था। यूडीएफ का नेतृत्व विपक्ष के नेता वीडी सतीशन कर रहे हैं। यूडीएफ, एलडीएफ सरकार के खिलाफ एंटी-इंकम्बेंसी का फायदा उठाने की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस नेता मानते हैं कि राज्य का राजनीतिक चक्र और स्थानीय चुनावों में दिखा जनता का मूड सरकार बदलने के पक्ष में हो सकता है।

भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के लिए यह चुनाव राज्य में अपनी राजनीतिक पहचान बढ़ाने का मौका है, क्योंकि अब तक उन्होंने वोट शेयर को विधानसभा सीटों में बदलने में सफलता नहीं पाई है। गठबंधन इस बात की उम्मीद कर रहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव में त्रिशूर में सुरेश गोपी की जीत से उनकी सक्रियता बढ़ी है और यह उन्हें त्रिकोणीय मुकाबले में मजबूत खिलाड़ी बना सकती है। हालांकि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में यह परंपरा टूट गई थी। उस चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर सत्ता में वापसी की थी। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में वाम दलों का गठबंधन एक बार फिर सत्ता में आया और इस तरह केरल की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया। यदि पिछले विधानसभा चुनाव के परिणामों की बात करें तो राज्य की 140 सीटों में से 97 सीटों पर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 41 सीटों पर सफलता मिली थी। इसके अलावा अन्य दलों को दो सीटों पर जीत मिली थी। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को उस चुनाव में एक भी सीट नहीं मिल सकी थी।

आगामी विधानसभा चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा एक बार फिर सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में गठबंधन तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा भी इस बार सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। केरल में भारतीय जनता पार्टी भी अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रही है। पार्टी राज्य में पहली बार उल्लेखनीय सफलता हासिल करने की उम्मीद लगाए हुए है। हालांकि अभी तक पार्टी को केरल की विधानसभा में बड़ी सफलता नहीं मिली है, लेकिन पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव के इस ऐलान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केरल में राजद का वाम दलों के साथ जाना राष्ट्रीय स्तर की विपक्षी राजनीति में नए सवाल खड़े कर सकता है। एक ओर जहां विपक्षी दल राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं। केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। आगामी चुनाव में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाम लोकतांत्रिक मोर्चा अपनी सत्ता बरकरार रख पाता है या फिर राज्य में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन की परंपरा लौट आती है। फिलहाल तेजस्वी यादव के इस बयान ने केरल चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभिन्न गठबंधन किस प्रकार चुनावी मैदान में उतरते हैं और मतदाताओं का समर्थन किसे मिलता है।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# 3.50 लाख की चोरी से मजदूर परिवार पर संकट सनावद में एक माह बाद भी सुराग नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●सनावद में एक माह पहले हुई 3.50 लाख रुपए के आभूषण और नकदी की चोरी के मामले में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस घटना के कारण पीड़ित परिवार को अपने बेटे की शादी टालनी पड़ी है। सोमवार दोपहर पीड़ित परिवार ने खरगोन एसपी रवींद्र वर्मा से शिकायत की। ओंकार बाग कॉलोनी, सनावद निवासी रमेश पिता अंबाराम गुर्जर ने बताया कि 15 फरवरी की रात उनके किराए के मकान में चोरी हुई थी। चोर पलंग के बेड से 3.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चुरा ले गए थे। रमेश गुर्जर ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव संदेही पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जबकि घटना को एक माह बीत चुका है। उन्होंने बताया कि यह आभूषण उनके बेटे राजा गुर्जर की शादी के लिए खरीदे गए थे, जिनमें कान के झुमके, टॉप्स, पांचाली, 10 सोने के मोती और चांदी के दो कड़े शामिल थे। पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपना गुजारा करता है। रमेश गुर्जर ने चिंता व्यक्त की कि यदि 15 दिनों के भीतर आभूषण नहीं मिले, तो उनके बेटे की शादी टूट सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि डॉग स्क्वॉड ने जांच की थी और उन्होंने अपने नौकर ऋतिक पर संदेह जताया था, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के बाद, एसपी कार्यालय और थाना स्तर पर मामले की जांच जारी होने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



# देशगांव घाटी पर 8 हजार कंटूर ट्रेंच खुदेंगे, कलेक्टर ने चलाई गेंती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● खंडवा-इंदौर नेशनल हाईवे पर स्थित देशगांव घाटी की जमीन पर अब जल संरक्षण के लिए मुहिम शुरू की गई हैं। यहां सैकड़ों एकड़ जमीन पर 8 हजार कंटूर ट्रेंच खोदे जाने का प्लान जनपद पंचायत छैगांवमाखन ने बनाया हैं। सोमवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पंडित से भूमिपूजन कराया और खुद गेंती चलाकर भूमिपूजन किया हैं। खंडवा जिले में भूजल संरक्षण के लिए गांव का पानी गांव में अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत छैगांवमाखन जनपद के ग्राम देशगांव में सोमवार को प्रशासन और नेताओं की मौजूदगी में कंटूर ट्रेंच खुदाई के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कंटूर ट्रेंच खुदाई कार्य के लिए श्रमदान किया, और मौजूद ग्रामीणों, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को जल संग्रहण संबंधी शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद अध्यक्ष छैगांवमाखन महेंद्र सावनेर, जिला पंचायत सदस्य श्रीराम चौधरी, नानकराम बरवाहे सहित जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्रसिंह गौड़, सीईओ पंकज डाले व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। हाईवे पर मौजूद देशगांव घाटी को 150 फीट तक खोदकर नेशनल हाईवे का फोरलेन रास्ता निकाला गया हैं। एक तरफ जहां एनएचएआई ने रास्ते को सुगम बनाने के लिए पहाड़ी को खोदकर समतल किया हैं। वहीं दूसरी ओर शहर के कारोबियों ने पहाड़ी वाली जमीन खरीदकर बाद में उसे समतल करा लिया और पेट्रोल पंप खोल लिए। इस प्रकिया में कारोबारी ने खनिज विभाग और शासन को एक रूपए की रायल्टी तक जमा नहीं कराई। जबकि कारोबियों ने पहाड़ को पूरी तरह खत्म कर दिया।



# कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सोमवार को अभिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने डिजिटल लाइब्रेरी शुरू करने की मांग की। दोपहर 1 बजे कॉलेज परिसर में छात्रों ने नारेबाजी की और प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान को ज्ञापन सौंपा।



अभाविप का कहना है कि डिजिटल संसाधनों के अभाव में आदिवासी अंचल के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ रहे हैं। ज्ञापन उच्च शिक्षा मंत्री और कॉलेज कुलपति के नाम दिया गया। इसमें कहा गया कि जिले के लीड कॉलेज में संचालित लाइब्रेरी का डिजिटलीकरण जरूरी है।

#### विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों की जरूरत

वर्तमान में उपलब्ध संसाधन प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध कार्यों और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त नहीं हैं। छात्रों को ऑनलाइन स्टडी, ई-बुक, जर्नल और अन्य डिजिटल संसाधनों की तत्काल आवश्यकता है। अभाविप प्रतिनिधियों ने बताया कि कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी जनजातीय और साधारण परिवारों से आते हैं। उनके पास व्यक्तिगत कंप्यूटर, लैपटॉप या पर्याप्त इंटरनेट सुविधा नहीं होती। इस कारण वे डिजिटल शैक्षणिक सामग्री का लाभ नहीं उठा पाते और प्रतियोगी परीक्षाओं में पीछे रह जाते हैं।

#### डिजिटल लाइब्रेरी की शीघ्र स्थापना की मांग

छात्रों ने मांग की कि वर्तमान लाइब्रेरी में ही डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाए, जिसमें कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा, ई-बुक और ऑनलाइन अध्ययन सामग्री शामिल हो। इससे विद्यार्थी आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों का लाभ उठाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी

# खेत में लगी आग, 3 एकड़ गेहूं की फसल राख, शरारती तत्वों पर आग लगाने का शक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले की कसरावद तहसील के भग्यापुर में किसान राजेंद्र पाटोदा के खेत में कटाई के बाद रखे गेहूं के ढेर में आग लग गई। सोमवार तड़के करीब 5 बजे हुई इस घटना में लगभग 3 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लगभग 60 रुपए के नुकसान की आशंका का है। पीड़ित किसान राजेंद्र पाटोदा ने बताया कि वे रातभर रखवाली कर घर लौटे ही थे कि उन्हें खेत में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तत्काल पुलिस और डायल 112 को सूचित किया और फायर ब्रिगेड बुलाई। मंडलेश्वर नगर पंचायत से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तीन एकड़ में रखी गेहूं की फसल का ढेर पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, किसान और स्थानीय लोगों को आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने जानबूझकर फसल में आग लगाई है। खेत में 100 फीट की दूरी पर गेहूं का एक और कटा हुआ ढेर सुरक्षित था।

सुबह आसपास के किसानों ने खेत पहुंचकर जलते हुए ढेर को देखा और इसकी सूचना दी। मौके पर राजस्व और पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और पंचनामा बनाया जा रहा है। आग से हुई क्षति और इसके कारणों की जांच की जा रही है।

# महुआ बीनने गए व्यक्ति पर भालू का हमला, मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● नर्मदानगर क्षेत्र में माथनी के जंगल में महुआ बीनने गए एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव की पहचान रामशंकर पिता रामदीन (42) निवासी ग्राम पामाखेड़ी के रूप में हुई है। घटना की सूचना फैलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमले के बाद भालू मृतक के शव से कुछ दूरी पर झाड़ियों में बैठा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओ फॉरेस्ट पुनासा मानसिंह खाराड़ी मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# नेपा लिमिटेड में महीनों बाद गूंजी मशीनों की आवाज, कागज मिल के पुनर्जीवन की उम्मीद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ●भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में ट्रायल ऑपरेशन के तहत बॉयलर लाइट-अप के साथ मिल संचालन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी और पुरानी शासकीय कागज मिलों में से एक नेपा लिमिटेड में महीनों बाद मशीनों की आवाज गूंजी। चिमनी से उठता धुआं और पेपर मशीन से उत्पादन शुरू होना इस ऐतिहासिक कागज मिल के पुनर्जीवन का संकेत माना जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार डॉ. रेणुका मिश्रा और स्वतंत्र निदेशक सीए मिलिंद कनाडे ने नेपा लिमिटेड का दौरा किया। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया और मिल में नवीनीकृत संयंत्रों के संचालन का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक नरेश सिंह सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मिल को पूरी तरह से फिर से चालू कराने के लिए क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से लगातार संपर्क और पत्राचार किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखकर मिल के लिए कार्यशील पूंजी पैकेज स्वीकृत कर इसे नया जीवन देने का अनुरोध किया है।



न्यूज ब्रीफ

## थाना गांधीनगर का कारनामा : फरियादी को ही आरोपी बनाया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● गांधीनगर पति पर्वत के सामने एकता नगर में रहने वाली गीताबाई ने इंदौर कमिश्नर को शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे बेटे अर्जुन के साथ टिकेंद्र उर्फ सिकंदर ने मारपीट करी वह और में देव धर्म टंकी के पास किराने की दुकान पर रात 9:00 बजे सामान लेने जा रहे थे तभी रास्ते में आरोपी ने मेरे बेटे को पीछे से मारा और उसके ऊपर गाड़ी चला दी जब हम थाना गांधीनगर में गए तो आरोपी ने थाने में सेटिंग कर मेरे बेटे अर्जुन और कर्ण के साथ मेरे ऊपर भी छेड़खानी की धाराएं लगा दी सोचने वाली बात यह है कि हम तीनों मां बेटे सामान लेने जा रहे थे हमारे साथ मारपीट करी उल्टा हमारे ऊपर ही केस दर्ज कर दिया हम इसकी शिकायत भोपाल पुलिस महानिदेशक इंदौर पुलिस कमिश्नर इंदौर कलेक्टर से शीघ्र ही करेंगे और न्याय की मांग करते हैं।

## एडीबी विशेषज्ञों के साथ कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के संबंध में एशियन विकास बैंक के विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंदौर को TOD कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य अधिकारी और एडीबी के विशेषज्ञ मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन के आसपास सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही आवासीय, व्यावसायिक एवं सार्वजनिक सुविधाओं का समन्वित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलेक्टर ने आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों और समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन से जुड़े सभी मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए।

# धार भोजशाला देखने जाएगी हाईकोर्ट की बेंच इसके बाद दो अप्रैल से करेगी फाइनल सुनवाई

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद धार भोजशाला को लेकर इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हो चुकी है। बीती सुनवाई में सभी पक्षकारों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति, सुझाव देने के लिए कहा गया था। इसके बाद सोमवार को इस मामले (धार भोजशाला मामले में सुनवाई) में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में सुनवाई हुई। इसमें हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि वह एक बार खुद मौके पर जाकर धार भोजशाला को देखेगी।

**इस तरह आगे होगी सुनवाई**-सुनवाई के दौरान सोमवार को कोर्ट रूम काफी गर्म रहा और बहस चली। इस दौरान तय किया गया कि पहले याचिकाकर्ताओं को सुना जाएगा। फिर पक्षकारों को सुना जाएगा। इसके बाद समय हुआ तो इंटरविनर को सुनेंगे। सुनवाई में यह बात उठी कि इसमें कई लोग बेवजह इंटरविनर बनकर आ रहे हैं। इससे केस में देरी होगी। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसमें जल्द सुनवाई के लिए कहा है।

**यह सभी अधिवक्ता रहे मौजूद**-इस मामले में कई लोगों की तरफ से याचिकाएं लगाई गई हैं। इनमें काजी जकुल्लाह, अंतर सिंह और अन्य लोग, मौलाना कमालउद्दीन वेलफेयर सोसायटी धार के अब्दुल समद खान, कुलदीप तिवारी और हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की अध्यक्ष रंजना अग्निहोत्री शामिल हैं। सुनवाई के दौरान एएसआई की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन कोर्ट में मौजूद थे। वहीं राज्य सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह पेश हुए। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन भी अदालत में मौजूद रहीं। वहीं हिंदू फ्रंट की तरफ से याचिकाकर्ता आशीष गोयल और अधिवक्ता विनय जोशी कोर्ट में उपस्थित थे। इसके अलावा अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हुए।

**एएसआई ने करीब 100 दिन किया वैज्ञानिक सर्वे**-हाईकोर्ट के आदेश के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 22 मार्च 2024 से भोजशाला परिसर और उसके आसपास 50 मीटर क्षेत्र में विस्तृत जांच की। यह सर्वे लगभग 98 से 100 दिनों तक चला। इस दौरान टीम ने सीमित उत्खनन, संरचनात्मक जांच और ऐतिहासिक दस्तावेजों का अध्ययन किया।



**एएसआई रिपोर्ट में क्या मिला**-एएसआई की रिपोर्ट (धार भोजशाला मामला) में 12वीं से 20वीं सदी तक के कई ऐतिहासिक प्रमाण मिलने की बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार परिसर में विभिन्न भाषाओं और लिपियों के शिलालेख मिले हैं।

**प्रमुख खोजें**-संस्कृत और प्राकृत भाषा के शिलालेख, नागरी लिपि के अभिलेख, अरबी और फारसी में लिखे शिलालेख, धार्मिक और शैक्षणिक गतिविधियों के संकेत, एएसआई के अनुसार भोजशाला परिसर में 56 अरबी-फारसी शिलालेख भी मिले हैं। इनमें धार्मिक दुआएं, नाम और धार्मिक वाक्य लिखे हुए हैं। वहीं 12वीं से 16वीं सदी के संस्कृत और प्राकृत शिलालेखों में पारिजातमंजरी-नाटिका और अवनिकर्मसातम जैसे उल्लेख पाए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ पत्थरों पर पुरानी लिखावट को मिटाकर दोबारा इस्तेमाल किए जाने के संकेत मिले हैं।

**धार भोजशाला विवाद क्या है?** भोजशाला विवाद मध्यप्रदेश के धार शहर में स्थित एक ऐतिहासिक परिसर से जुड़ा मामला है।

**हिंदू पक्ष इसे मां सरस्वती का मंदिर मानता है**-मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद मानता है, दोनों समुदाय यहां धार्मिक अधिकारों की मांग करते रहे हैं, इसी कारण यह मामला अदालत में विचाराधीन है।

**स्थल का ऐतिहासिक महत्व**-एएसआई की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भोजशाला परिसर अलग-अलग कालखंडों में धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। ब्रिटिश काल से लेकर वर्तमान समय तक इस स्थल के संरक्षण के प्रयासों का भी उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थान मध्यकालीन भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### सिविल कोर्ट में भी लगा केस

वहीं यह बात भी सामने आई है कि इसे लेकर सिविल कोर्ट धार में भी वाद लगाया गया है। साथ ही जैन समाज भी यहां जैन मंदिर होने का दावा करता है। यह भी कानूनी केस इसमें लगे हुए हैं।

### एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर होना थी बहस

23 फरवरी को हुई पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर एएसआई रिपोर्ट पर अपने सुझाव और आपत्तियां देने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि रिपोर्ट पहले ही खोली जा चुकी है और उसकी प्रतियां सभी पक्षों को उपलब्ध करा दी गई हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बढ़ी प्रक्रिया

इस मामले में 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच को तीन सप्ताह के भीतर सुनवाई आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। दरअसल, एएसआई सर्वे के बाद की कानूनी प्रक्रिया कुछ समय के लिए रुकी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद 18 फरवरी को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए मामले को फिर से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट इंदौर बेंच को सौंप दिया। इसके बाद अब इंदौर बेंच में इस मामले की सुनवाई जारी है।

# महापौर का करीबी बताने वाले भागवत का ऑडियो, अधिकारी के नाम पर 2 लाख की डील



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नगर निगम में खुद को महापौर पुष्यमित्र भार्गव का करीबी बताने वाले एक व्यक्ति ने अधिकारी के नाम पर खेल कर दिया। एक ऑडियो में वह इंदौर के बड़े अधिकारी के नाम पर डील करते सुना गया। इंदौर में कार्रवाई करने, नोटिस देने और फिर इसे रोकने के नाम पर रिश्वत का खेल पुराना है। भवन अधिकारी और इंस्पेक्टर के नाम पर यह लंबे समय से चल रहा है। अब ताजा मामला हवा बंगला जोन 14 से सामने आया है। इसमें बेसमेंट के नाम पर सील दुकान पर कार्रवाई रुकवाने के लिए पवन भागवत नाम के व्यक्ति से भवन मालिक की बात होती है। यह भागवत खुद को महापौर पुष्यमित्र भार्गव का करीबी बताता है। इस ऑडियो में इंदौर के एक बड़े अधिकारी की बात कही जाती है। उनके नाम पर दो लाख रुपए मांगे जाते हैं। हालांकि अधिकारी का नाम खुलकर सामने नहीं आता है।

**यह है मामला**-हवा बंगला जोन में एक मकान के नीचे बेसमेंट में दुकान बनी है। इसे किराए पर दिया गया है। इसे बंद करने के लिए एरिया के भवन अधिकारी वैभव देवलासे का फोन जाता है कि इसे बंद करो, यह गैरकानूनी है। लेकिन कोई नोटिस जारी नहीं होता है।

इसके बाद नगर निगम बिल कलेक्टर सीबी सिंह राजपूत अगले दिन जाकर कागज चिपकाकर इसे सील कर देते हैं। दुकान से सामान भी नहीं निकालने दिया जाता है। इसके बाद भवन मालिक इसे खुलवाने के लिए संपर्क करता है और उसके संपर्क में पवन भागवत आता है। इसके बाद कई बार उससे फोन पर बात होती है।

## एक नहीं, तीन ऑडियो रिकॉर्डिंग

### रिकॉर्डिंग नंबर 1-

*मालिक- हां पवन भैय्या।*

*पवन- भैय्या नीचे बेसमेंट जो चल रहा है, तो रिस्पांस है या नहीं? फिर वैसी बात करूं।*

*मालिक- हां अच्छा चल रहा है, 20 हजार किराया मिलता है।*

*पवन- यदि रिस्पांस मिलता है तो ठीक, नहीं तो पार्किंग में तब्दील कर दो, क्योंकि वह राशि बहुत ज्यादा बोल रहे हैं।*

*मालिक- आप जैसा बोलो, कुछ लेना-देना हो तो कर लेंगे।*

*पवन- दो लाख रुपए बोल रहे हैं।*

*मालिक- दो लाख तो बहुत ज्यादा हैं भैय्या, ऐसे तो खाली पड़ा रहने देंगे।*

*पवन- फिर ऐसे ही चलने दो, मैंने अभी अधिकारी से डायरेक्ट बात नहीं की है।*

*मालिक- कोई ऊपर से परेशान कर रहा है भैय्या। मैं परेशान हो रहा था। मैंने पता किया तो एक ने बताया कि भैय्या अपने महापौर भार्गव जी के खास हैं। उनसे बात करता हूं, फिर आपसे बात की।*

*पवन- ठीक है, चलाओ अभी। मैं बोल देता हूं।*

### रिकॉर्डिंग 2-

*मालिक- पवन भैय्या, वहीं आएंगे क्या लेने?*

*पवन- नहीं, वह नहीं आएंगे। वह तो अधिकारी हैं।*

*मालिक- तो क्या देना है, खर्चा-पानी?*

*पवन- वह 50 का बोल रहा था, 30-35 दे देना।*

*मालिक- क्या रसीद वगैरह देंगे वो?*

*पवन- अरे इसकी रसीद थोड़ी देते हैं। कोई परेशान नहीं करेगा।*

*मालिक- थोड़ा कम कराओ ना भैय्या।*

*पवन- अरे इसमें बार्गेनिंग नहीं होती है। मुझसे पूछ रहे थे कि आपको क्या देना है, तो मैं थोड़ी कुछ लूंगा। और वह इंदौर का बड़ा अधिकारी है। कोई छोटा-मोटा रहता तो यूं ही टरका देता।*

*मालिक- भैय्या थोड़ा कम कराओ ना। पहचाना क्या आपने मुझे? पुराने साथी हैं। शैलू भैय्या, आयुष रावल जी से तो अपन दिन भर मिलते रहते हैं, लेकिन विषय छोटा है तो आपको फोन लगाया।*

### रिकॉर्डिंग 3-

*मालिक- हां पवन जी।*

*पवन- हां, हो गई है बात। उसे खर्चा-पानी दे देना। अब नहीं आएगा। निगम से एक लड़का आ जाएगा, उसे दे देना। मैंने बोल दिया है, चले जाना, आपका सम्मान कर देंगे वो।*

*मालिक- ठीक है, आप पहुंचा दीजिए, मैं आपको फोन लगा दूंगा।* *(दैनिक इंदौर संकेत इस ऑडियों रिकार्डिंग की पुष्टि नहीं करता है)*

### क्या बोल रहे हैं जिम्मेदार

इस मामले में निगमायुक्त (आईएएस क्षितिज सिंघल) कहते हैं कि ऑडियो और तथ्यों की जांच करेंगे। वहीं भवन अधिकारी देवलासे कहते हैं कि इसे नोटिस दिया था। मुहिम कलेक्टर और निगमायुक्त के कहने पर हो रही है। पवन भागवत कौन है, इसकी जानकारी नहीं है।

वहीं पवन भागवत का कहना है कि मेरी भवन स्वामी से बात हुई थी, लेकिन रिश्वत और डील वाली कोई बात नहीं हुई है। यह गलत है। वह मुझसे मदद मांग रहे थे, तब मैंने मना कर दिया था कि मैं इसमें क्या कर सकता हूं।

**(साभार द सूत्र पोर्टल)**

# घर-दुकान बनाने से पहले लेबर इंस्पेक्टर को बताएं... नहीं तो जेल

## 10 लाख से ज्यादा के मकान पर 1% लेबर सेस अनिवार्य



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● आप अगर घर, दुकान या कोई कमर्शियल बिल्डिंग बनाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। दरअसल, मध्य प्रदेश श्रम विभाग ने निर्माण कार्यों को लेकर नियमों को और सख्त कर दिया है।

अब किसी भी तरह का निर्माण कार्य शुरू करने से कम से कम 30 दिन पहले संबंधित क्षेत्र के लेबर इंस्पेक्टर को सूचना देना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर मकान मालिक या बिल्डर (नियोक्ता नियोजक) को 3 महीने की जेल या जुर्माना हो सकता है।

पिछले सप्ताह श्रम विभाग ने राजधानी में अधिकारियों की बैठक कर प्रेजेंटेशन दिया और इन नियमों और प्रावधानों को तुरंत लागू करने के निर्देश दिए, वहीं क्रेडाई ने भी इन नए नियमों से अपने सभी बिल्डर्स को अवगत करा दिया है। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 10 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले निजी मकान के निर्माण की सूचना श्रम विभाग को देना होगी। कंस्ट्रक्शन कॉस्ट का एक फीसदी लेबर सेस, यानी श्रमिक उपकर विभाग को देना होगा, वहीं हर प्रकार की कमर्शियल बिल्डिंग भले ही उसकी लागत एक लाख रुपए हो उसके निर्माण की सूचना देना होगी। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 की धारा 46 के तहत यह कानूनी बाध्यता है।

### क्यों लिया गया यह फैसला?

श्रम विभाग का कहना है कि हमारा मुख्य उद्देश्य कंस्ट्रक्शन साइट पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। श्रम विभाग के अनुसार, कई निर्माण स्थलों पर न तो सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा, न ही मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा।

# संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त में कौन अमीर, पूर्व कलेक्टर में इनके पास सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के आईएएस अधिकारियों ने संपत्ति की घोषणा कर दी है। इंदौर में अहम पदों पर बैठे अधिकारियों (संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त) के साथ ही इंदौर के पूर्व कलेक्टरों को लेकर यह खुलासा हुआ है। केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग में सभी आईएएस अधिकारियों ने अपनी अचल संपत्तियों का ब्यौरा दिया है। इसमें मध्यप्रदेश के भी आईएएस शामिल हैं। ऐसे में सभी की नजरें होती हैं कि आखिर एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर में पदस्थ अधिकारियों की संपत्ति कितनी है। वहीं इंदौर में बीते दस सालों में रहे कलेक्टरों की भी संपत्तियों के रिकॉर्ड को खंगाला कि आखिर इनमें कौन सबसे ज्यादा अमीर है।

**संभागायुक्त के आगे फीके कलेक्टर, निगमायुक्त**-इंदौर में पदस्थ 2006 बैच के आईएएस सुदाम पंढरीनाथ खाड़े की अचल संपत्तियों की कुल कीमत तीन करोड़ 21 लाख रुपए है। इन संपत्तियों से वह हर साल करीब चार लाख 90 हजार रुपए की आय करते हैं। वहीं, इंदौर कलेक्टर और 2013 बैच के आईएएस शिवम वर्मा संपत्ति मामले में कहीं भी सूची में नहीं हैं। उनकी संपत्तियां शून्य हैं। उनके पास कोई अचल संपत्ति नहीं है। इसी तरह 2014 बैच के आईएएस और वर्तमान में निगमायुक्त (आईएएस क्षितिज सिंघल) का भी यही हाल है। उनके पास भी कोई अचल संपत्ति नहीं है और उन्होंने अपने ब्यौरे में अचल संपत्ति शून्य बताई है।



**सबसे अमीर कलेक्टर पी. नरहरि**-वहीं इंदौर में बीते 10 सालों में कलेक्टर रहे आईएएस अधिकारियों में सबसे ज्यादा संपत्ति साल 2001 बैच के अधिकारी पी. नरहरि की है। इनके पास कुल पांच करोड़ 62 लाख रुपए की अचल संपत्तियां हैं।

तेलंगाना के पेड्डापल्ली जिले में जमीन है, जिसकी कीमत छह लाख 52 हजार रुपए है। यह खुद के नाम पर है। तेलंगाना के मल्काजगिरी में जमीन है, जिसकी कीमत एक करोड़ 68 लाख रुपए है, जो खुद और पत्नी के संयुक्त नाम पर है। यहीं पर एक और जमीन है, जिस पर घर बना हुआ है। इसकी कीमत तीन करोड़ रुपए है। तेलंगाना में ही पेड्डापल्ली जिले में जमीन है, जिस पर दो मंजिला मकान है। इसमें जमीन की कीमत 24 लाख 70 हजार रुपए और मकान की कीमत 61 लाख रुपए है। नोएडा में फ्लैट है, जिसकी कीमत 35 लाख रुपए है, जो पत्नी और उनके नाम पर है।

## पूर्व कलेक्टरों की संपत्ति को लेकर ये हाल

**इंदौर के पूर्व 5 कलेक्टर**-अब शिवम वर्मा से पहले इंदौर में बीते 10 सालों में कलेक्टर रह चुके आईएएस आशीष सिंह, इलैयाराजा टी., मनीष सिंह, लोकेश जाटव, निशांत वरवड़े और पी. नरहरि की भी संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाला गया। यह साल 2015 से 2025 (दस साल) के दौरान इंदौर में कलेक्टर पद पर पदस्थ रहे हैं।

**आईएएस आशीष सिंह (जनवरी 2024 से सितंबर 2025)** - वर्तमान में उज्जैन संभागायुक्त सिंह की संपत्ति शून्य है। इनके पास एक भी अचल संपत्ति नहीं है।

**आईएएस इलैयाराजा टी.** - यह इंदौर में नवंबर 2022 से जनवरी 2024 तक कलेक्टर रहे। इनकी संपत्ति का रिकॉर्ड नहीं मिला है।

**आईएएस मनीष सिंह** - यह इंदौर में मार्च 2020 से नवंबर 2022 तक कलेक्टर रहे हैं। इनके पास मूल रूप से पैतृक संपत्ति है। वहीं एक संपत्ति स्वयं और पत्नी के नाम संयुक्त तौर पर है, जो इंदौर में 0.230 हेक्टेयर बढ़ियाकीमा, बिचौली हप्सी में है। इसकी कीमत 65 लाख रुपए है। यह खाली पड़ी है। वहीं पैतृक संपत्ति में भोपाल हुजूर में उनकी पत्नी के नाम पर संपत्ति है, जो उन्हें उनके पिता से मिली है। इसी तरह बीडीए से लीज होल्ड प्लॉट है अंकुर कॉलोनी, शिवाजी नगर, भोपाल में, जो वसीयत के आधार पर मिला है।

**लोकेश जाटव** - यह इंदौर में जनवरी 2019 से मार्च 2020 तक कलेक्टर रहे हैं। इनके पास झांसी (यूपी) में एक पैतृक संपत्ति है, जिसकी कीमत 77 लाख रुपए है। वहीं भोपाल में गांव महाबढ़िया, कोलार में खाली प्लॉट है, जिसकी कीमत 25 लाख रुपए है। यह पत्नी के नाम पर है।

**आईएएस निशांत वरवड़े** - यह इंदौर में जून 2017 से दिसंबर 2018 तक कलेक्टर रहे हैं। इन्होंने भी संपत्तियां शून्य बताई हैं। अचल संपत्तियां इनके पास नहीं हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।